हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

11 सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे कर्मचारी...



12 बसें न रोकने पर भड़के छात्रों ने रतिया-टोहाना रोड किया जाम



## खबर संक्षेप

### केनरा बैंक एटीएम से हजारों की नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में केनरा बैंक के एटीएम से अज्ञात युवक द्वारा नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। इस बारे बैंक अधिकारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में केनरा बैंक फतेहाबाद के अधिकारी पुष्पिन्द्र कुमार ने कहा है कि उनकी बैंक की शाखा का मेन रोड पर एटीएम लगा हुआ है। गत दिवस अज्ञात व्यक्ति ने शाम करीब साढ़े 7 बजे जालसाजी से उनके एटीएम से 5 हजार रुपये की राशि चोरी कर ले गए हैं। जब उन्हें चोरी का पता चला तो उन्होंने इस बारे जांच पड़ताल की और बाद में पुलिस को सूचना दी।

### दुकान के ताले टूटे हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव नहला में एक दुकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान व नकदी चोरी कर ली। इस बारे दुकानदार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन भूना निवासी मालीराम ने कहा है कि उसकी गांव नहला में इलैक्ट्रोनिक्स की दुकान है। गत दिवस रात को वह दुकान को बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा पड़ा था और दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। जब जांच की तो 7 हजार की नकदी, 35 किलो कॉपर की तार गायब मिला।

### भट्टूकलां में 8 ट्यूब्वेलों से केबल चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टूकलां क्षेत्र में 8 किसानों के ट्यूब्वेलों से हजारों रुपये कीमत की केबल चोरी कर ली है। खेतों में केबल चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों में काफी रोष है और किसानों ने इस बारे भट्टूकलां पुलिस को शिकायत देकर चोरों को जल्द पकडऩे की मांग की है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी रणबीर सिंह ने कहा है कि गत दिवस अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गए और वहां लगे ट्यूब्वेल से करीब 20 फुट केबल चोरी कर ली। उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि चोरों ने करीब एक किलोमीटर के एरिये में 8 जगह से ट्यूब्वैल की केबलें चुराई है।

### कार सवार तीन युवक अफीम सहित काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान चौटाला रोड पर पैट्रोल पंप के समीप तीन युवकों को 600 ग्राम अफीम गाड़ी सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान शेरगढ़ की ओर जा रहे थे। चौटाला चौक पर पैट्रोल पंप के समीप पहुंचे तो वहां एक गाड़ी खड़ी थी जिसमें तीन युवक थे। पुलिस की गाड़ी उनके पास पहुंची तो युवकों ने मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उनको काबू कर तलाशी ली तो गाड़ी से 600 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### नशीले कैप्सूल बेचने पर मेडिकल स्टोर सील

**सिरसा।** पुलिस व औषधि नियंत्रक की टीम ने गांव सूबाखेड़ा स्थित एक मेडिकल स्टोर को नशीले कैप्सूल बेचने के आरोप में सील कर दिया है। टीम ने आज मेडिकल स्टोर पर दबिश देकर रिकार्ड खंगाला तो संचालक खरीद-बेच के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। गौरतलब है कि बीते दिवस बड़ागुढा थाना पुलिस ने गांव बीरूवालागुढ़ा में दुर्घटनाग्रस्त कार से 3000 कैप्सूल बरामद कर कार चालक गुरप्रीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी गांव भोपाल जिला मानसा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी की उक्त दवाईयां गांव सुबाखेड़ा स्थित मेडिकल हॉल के संचालक जोगेंद्र पाल से लेकर आया था।

## उमस और धूप से पब्लिक तो मुरझाती धान की फसल से किसान परेशान

# जुलाई में मानसून रूठा, प्रतिदिन 41 लाख यूनिट बिजली की डिमांड बढ़ी

- शहरों मे भी बिजली आपूर्ति के लग रहे अघोषित कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शुरूआती दौर में मानसून की तीन बरसात के बाद जुलाई माह में मानसून फतेहाबाद जिले से अचानक निष्क्रिय हो गया है। जिसका सीधा असर जिले में बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। जुलाई में बिजली आपूर्ति की डिमांड एकदम से अप्रैल के मुकाबले 4 गुणा तक बढ़ गई, जिसको पूरा करने में विद्युत निगम को पसीने आ रहे है। गांवों को तो छोड़िये, शहरों मे भी बिजली आपूर्ति के अघोषित कट लगाने पड़ रहे है। रात के समय तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। अनेक एरिया में रात के समय बिजली निगम को मजबूरन कम वोल्टेज में बिजली सप्लाई करनी पड़ रही है। अगर जल्द ही अच्छी और नियमित बरसात न हुई तो आने वाले दिन बिजली आपूर्ति के लिहाज से परेशानी भरे हो सकते हैं।

फतेहाबाद में मानसून की शुरूआत में तीन दिन बारिश हुई। उसके बाद यहां मानसून ने ऐसी बेरूखी दिखाई कि बादलों ने यहां झांककर नहीं देखा। इसके बाद शुरू हुआ उमस और पसीने का खेल। मौसम विभाग की माने तो यहां अब तक सामान्य से 34 फीसदी बारिश कम हुई है। बता दें कि फतेहाबाद में बीते 10 वर्षों से पूरे मानसून में सामान्य से आधी बारिश होती है।

फतेहाबाद डिवीजन में प्रतिदिन की बात की जाए तो अप्रैल में 14 लाख बिजली यूनिट की डिमांड थी जो जुलाई में बढक़र 55 लाख यूनिट प्रतिदिन पर जा पहुंची। इसकी पुष्टि खुद निगम के कार्यकारी अभियंता करते हैं। जिले में कम बारिश के चलते बिजली की डिमांड एकदम से काफी बढ़ गई है, जिस कारण बिजली आपूर्ति में परेशानी आ रही है। फतेहाबाद डिवीजन में फतेहाबाद शहर, रतिया शहर, बड़ोपल व भट्टूकलां पड़ते हैं।



फतेहाबाद। 33 केवी बिजली घर में लगा बड़ा ट्रांसफार्मर।

### अप्रैल से जुलाई तक प्रतिदिन खपत (2024)

| मास | यूनिट |
|---|---|
| अप्रैल | 14 लाख यूनिट |
| मई | 28 लाख यूनिट |
| जून | 42 लाख यूनिट |
| जुलाई | 55 लाख यूनिट (अब तक) |

### अप्रैल के मुकाबले 4 गुणा बढ़ी डिमांड

बिजली निगम के औपचारिक आंकड़ों की माने तो अप्रैल के मुकाबले जुलाई में बिजली की डिमांड 4 गुणा से अधिक बढ़ चुकी है। इसी साल अप्रैल में जहां जिले में बिजली की कुल डिमांड 4 करोड़ 24 लाख 4 हजार यूनिट थी जोकि जुलाई में बढ़कर 17 करोड़ यूनिट तक के आंकड़े को पार कर सकती है। अभी जुलाई माह के 12 दिन शेष है और डिमांड लगातार बढ़ती ही जा रही है। बिजली निगम के अधिकारियों की चिंता भी इसी कारण बढ़ रही है कि अगर बारिश नहीं हुई तो जुलाई माह में बिजली की खपत बढक़र 17 करोड़ यूनिट से ऊपर गई तो इतनी बिजली का इंतजाम करना निगम के लिए मुश्किलभरा हो सकता है। अप्रैल माह में फतेहाबाद डिवीजन में प्रतिदिन 14 लाख यूनिट की डिमांड थी जोकि मई में बढ़कर 28 लाख यूनिट हो गई। जून में यह आंकड़ा बढक़र 42 लाख यूनिट तक पहुंच गया और अब जुलाई में 55 लाख यूनिट बिजली की डिमांड हो रही है।

### सुधार न हुआ तो आगे बढ़ेगी परेशानी

बिजली की डिमांड के मुताबिक बिजली सप्लाई करने में बिजली निगम को अभी से पसीने आ रहे है। जुलाई माह के 12 दिन अभी शेष बचे है। अगस्त और सितम्बर में भी उमस की मार कम नहीं पडने वाली। इस भयावह हालात में बारिश नहीं हुई तो बिजली की डिमांड सारे रिकार्ड तोड़ सकती है। दरअसल उमस भरा मौसम शुरू होते ही एसी, कूलर का लोड बढ़ जाता है, जिसका सीधा असर बिजली निगम के पुराने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पड़ता है। पुरानी केबल और ट्रांसफार्मर अत्याधिक लोड सह नहीं पाते और बार-बार ट्रिपिंग होती है।

### शिकायत केन्द्र पर कोई सुनने वाला नहीं

मेनपावर के हिसाब से निगम पहले ही कमजोर है। हालांकि निगम की मेनपॉवर में इजाफा हुआ है लेकिन बढ़ती शहरी क्षेत्र को देखते हुए यह अभी भी अपर्याप्त है। कर्मचारी दिन-रात ट्रिपिंग होने व बार-बार ट्रांसफार्मर उड़ने की समस्या के समाधान में लगे हैं। यही स्थिति रही तो अगले महीने खासतौर पर रात के समय घरों में पूरी रात एसी चलेंगे। कम मेनपावर समस्या को ओर बढ़ाने का काम करेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन के शिकायत केन्द्र पर तैनात कर्मचारी ठेके पर हैं। शिकायत केन्द्र का नंबर लगातार बजता रहता है, उठाने वाला कोई कर्मचारी नहीं होता।

### बारिश की कमी

बारिश न होने से बिजली की डिमांड बढ़ती है। ऐसे में स्पार्किंग व ट्रांसफार्मर में फाल्ट आ जाता है। तेज हवा चलने पर बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ती है। जब तक नियमित बारिश नहीं होती, बिजली खपत कम नहीं हो सकती।
-संदीप मेहता, कार्यकारी अभियंता, द.ह.बि.वि. निगम

## बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य काबू, 12 वारदातें सुलझी

- पंजाब क्षेत्र के मानसा क्षेत्र में हुई दो वारदातों का खूलासा



सिरसा। मोटरसाइकिल चोर गिरोह के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यों को काबू कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुई 10 वारदातें तथा पंजाब क्षेत्र के मानसा क्षेत्र में हुई दो वारदातों सहित 12 वारदातों का खुलासा किया है। डीएसपी सुभाष चंद ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जसदीप सिंह पुत्र जगसीर सिंह निवासी टिब्बी हरि सिंह तथा आशु पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव सरदूले वाला जिला मानसा पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसपी विक्रांत भूषण ने शहर थाना प्रभारी सत्यवान के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर वारदातों को शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना के दो आरोपियों को काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा तीन बाइक फिलहाल बरामद कर लिए है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान उनकी निशान देही पर बाकी चोरीशुदा बाइक बरामद किए जाएंगे।

## नशा तस्करों की जमानत नहीं करवाएंगे रतिया के पार्षद

- पार्षद पर लगाया जाएगा 11000 रुपए का जुर्माना



रतिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए शहर के पार्षद।

**जाखल।** शहर के नगर पार्षदों ने शहर में बढ़ रही गुंडागर्दी और नशाखोरी की घटनाओं को लेकर आज नगर पालिका कार्यालय में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी रोष व्यक्त किया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को एक शिकायत पत्र लिखकर गुंडागर्दी और नशाखोरी पर रोक लगाने के लिए मांग की है। साथ ही सभी नगर पार्षदों ने सामूहिक तौर पर फैसला लिया है कि अगर कोई भी व्यक्ति नशाखोरी के मामले में जमानत के लिए पार्षदों के पास आता है तो कोई भी पार्षद नशा तस्कर की जमानत नहीं करवाएगा और अगर कोई पार्षद जमानत करवाता है तो उस पर 11000 रुपए का जुर्माना भी लगाया जाएगा। मीटिंग में नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि कालू खन्ना, उप प्रधान जोगिंदर नंदा, पार्षद प्रतिनिधि मिट्ठू सिंह, हरमेश शर्मा, अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप कल से, 100 खिलाड़ियों ने दिए ट्रायल



फतेहाबाद। जिला स्तरीय ट्रायल में भाग लेते गतका खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- ट्रायल में अंडर 11, 14, 17, 19, 25 और 30 वर्ष आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया

गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा द्वारा दूसरी राज्य स्तरीय हरियाणा गतका चैम्पियनशिप 20 और 21 जुलाई को रतिया क्षेत्र के कमाना में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिले के गतका टेक्निकल ऑफिशियल हर्षदीप कौर, पूजा, जोगा सिंह, सुखचैन सिंह, कमलजीत सिंह मान और सिकंदर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इसी को लेकर आज जिला स्तरीय ट्रायल झाड़ साहिब में आयोजित किए गए। इस अवसर पर गतका एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी स्वर्ण सिंह विशेष तौर पर पहुंचे तथा उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

ट्रायल में अंडर 11, 14, 17, 19, 25 और 30 वर्ष आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने खेल इवेंट सिंगल सोटी, फरी सोटी व डेमोस्ट्रेशन में टीम व इंडिविजुअल में भाग लिया। ट्रायल में विजेता खिलाड़ी राज्यस्तरीय गतका चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। स्वर्ण सिंह ने बताया कि गतका खेल अब नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स व स्कूली गेम्स में शमिल हो गया है। उन्होंने बताया कि गतका खेल की अब ग्रेडिंग हो चुकी है जिससे गतका खिलाड़ी सरकारी नौकरी के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि 21 ओर 22 जुलाई को होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से गतका खिलाड़ी भाग लेंगे।

## शिविर में आई 35 शिकायत, 26 का हुआ मौके पर समाधान

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष लोगों ने अपनी समस्याएं रखी, जिसके समाधान के लिए उपायुक्त ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, नाम आदि त्रुटि को दुरुस्त करवाने की मांग रखी। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, अपराध से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की हर कार्य दिवस को सुबह 9 से 11 बजे तक सुनवाई की जा रही है। वीरवार को समाधान शिविर में कुल 35 शिकायतें आई, जिनमें से 26 का मौके पर समाधान किया गया।

## लिपिकीय कर्मचारी लड़ेंगे लड़ाई

- 20 जुलाई को बड़ी संख्या में चंडीगढ़ करेंगे कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। मांगों को लेकर धरने पर बैठे लिपिक वर्गीय कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही सम्मानजनक वेतनमान की मांग को लेकर सीएम हरियाण से चली दूसरे दौर की वार्ता में किसी प्रकार की सहमति नहीं बन पाई। क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के राज्य महासचिव सतीश ढाका ने बताया कि सरकार के पास हमारे तथ्य और तर्कों का कोई तोड़ नहीं मिल रहा है और सरकार हमारे तर्कों पर सहमत होती हुई तो नजर आ रही है, परंतु वेतनमान बढ़ाने के लिए कोई सकारात्मक कदम सरकार नहीं उठा रही है। राज्य प्रधान बलजीत जून ने कहा कि सरकार से आगामी बैठक के लिए कोई समय नहीं दिया है न ही हमें कोई ठोस आश्वासन सरकार से मिला है, इसलिए एसोसिएशन द्वारा सरकार के विरोध में जो प्रोग्राम तय किए गए हैं, वो ज्यों के त्यों चलते रहेंगे और आंदोलन को अब और तेज किया जाएगा। राज्य महासचिव सतीश कुमार ढाका सिरसा लघु सचिवालय में चल रहे सांकेतिक धरना प्रदर्शन में पहुंचे और कल हुई बैठक के तमाम पहलुओं और घटनाक्रम को लिपिकीय कर्मचारियों को बताया।

### धरना पर बैठे कर्मचारियों से किया आह्वान

महासचिव ने कहा कि सरकार लिपिक वर्गीय कर्मचारी का भला नहीं चाह रही है। लिपिक वर्ग को इस आंदोलन को तेज करना पड़ेगा। उन्होंने सभी जिलों में शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे सांकेतिक धरना प्रदर्शन बैठे कर्मचारियों और हरियाणा प्रदेश में कार्यरत सभी विभागों, बोर्डों नगर निकायों और विश्वविद्यालयों के लिपिकीय कर्मचारियों से आह्वान किया कि सभी 20 जुलाई को करनाल में हजारों की संख्या में पहुंचे वहां से पंचकुला के लिए कूच किया जाएगा, ताकि सोई हुई सरकार को जगाया जा सके। इतना ही नहीं यदि सरकार हमारी जायज मांग को पूरा नहीं करती है तो आगामी आंदोलन में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास घेराव किया जाएगा, जिसके लिए सरकार खुद जिम्मेदार होगी।



सिरसा। स्कूल में आयोजित शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

## शिविर के पहले दिन 6वीं कक्षा के बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में स्वस्थ बचपन बच्चों के अस्पताल की ओर से विद्यार्थियों की जांच के लिए सात दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। विजय सैन ने बताया कि शिविर के पहले दिन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जतिन ने 6वीं कक्षा के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की, जिसमें वजन, लंबाई, तापमान, पेट से संबंधित बिमारियों के बारे में पूछताछ के बाद उचित परामर्श दिया। इसके अलावा पर्ल डेंटल केयर की ओर से डॉ. रोहित ग्रोवर ने बच्चों के दांतों की देखभाल के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल प्राचार्य मदन मलिक ने कहा कि समाजसेवा के लिहाज से चिकित्सकों की ये अच्छी पहल है और इससे सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हो सकेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्राध्यापक राजेंद्र भादू, अनूप शर्मा, संदीप कुमार, चिमन भारतीय, रेखा शर्मा, अंजू देवी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

**मांग** सीएम आवास तक निकाला जाएगा मार्च पास्ट, 21 को पंचकूला करेंगे कूच

नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने की मांग

## हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने विधायकों और जिप अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला में हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने वीरवार को फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, टोहाना के विधायक देवेन्द्र सिंह बबली, भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा तथा जिला परिषद की अध्यक्ष एडवोकेट सुमन खिचड़ को नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने बारे मांग पत्र सौंपा। जनप्रतिनिधियों ने आईटी प्रोफेशनल्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी नियमितिकरण की पॉलिसी सहित अन्य मांगों बारे मुख्यमंत्री नायब सिंह व सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे और उन्हें पूरी उम्मीद है कि सरकार जल्द ही उनकी मांगों को पूरा करेगी।



फतेहाबाद। जिला परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स।

एसोसिएशन के हिसार जोन के संयुक्त सचिव जसबीर सिंह, जिला प्रधान प्रवीण कुमार, महासचिव मोहम्मद अलियास ने कहा कि जब तक एक सूत्री मांग की अधिसूचना जारी नहीं की जाती, तब तक हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत आईटी प्रोफेशनल्स की अन्य मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें। जिन विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कर्मचारी नियुक्त हैं व पद स्वीकृत नहीं है, वहां तत्काल प्रभाव से उन कर्मचारियों के पदों के पद स्वीकृत करवाये जाएं तथा जिन विभागों में कर्मचारी स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत हैं वहां कर्मचारियों के उन पदों को भरा हुआ माना जाए। उन पदों पर नियमित भर्ती के लिए मांग भर्ती अभिकरण/एजेंसी को न भेजी जाए। हर तीन वर्ष उपरान्त देय वेतन संशोधन संबंधित लाभ एरियर सहित शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाए। इन कर्मचारियों को शिक्षा भत्ता, समान काम-समान वेतन, महंगाई भत्ता, एसीपी, डीए व ईपीएफ का लाभ व मकान किराया भत्ता प्रदान किया जाए। सभी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा, कर्मचारी की मृत्यु होने उपरान्त एक्स-ग्रेसिया स्कीम का लाभ देने, 58 वर्ष यानि सेवानिवृत्ति की आयु पर एनपीएस/ओपीएस व ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की। इस मौके पर विनोद कुमार, बलविंद्र, रविकांत, सतबीर, अजय, नितिन, अंकुश, मलकीत, अनिल, नरेंद्र कुमार, भीम सिंह, सुनील, मोनिका, संगीता, राजेश, उदय, पवन कुमार, विष्णु, विकास, धीरज, सतीश, अशोक, राहुल, देवेंद्र, रणबीर सहित अनेक हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर तोड़फ़ोड़ करने वाले आरोपी काबू

**फतेहाबाद**। शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरके कालोनी में एक घर में घुसकर तोडफ़ोड़ करने और मोटरसाइकिल में आग लगाने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान राहुल उर्फ काऊ पुत्र राय निवासी स्वामी नगर फतेहाबाद, पवन उर्फ सिया पुत्र राम सिंह व साहिल उर्फ गंजा पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी हरिजन कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तोल सहित एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद**। एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम ने शहर में अवैध पिस्तौल सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एवीटी स्टाफ फतेहाबाद की टीम एएसआई भूपिन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान हिसार-सिरसा नेशनल हाइवे 9 बाईपास पर सर्विस रोड पर माजरा से रतिया रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। युवक पुलिस की गाड़ी देखकर घबरा गया। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई।

### सरकारी स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद**। चोरों ने गांव दिगोह के सरकारी स्कूल में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय हाई स्कूल दिगोह की हैडमास्टर राकेश रानी ने कहा कि गत दिवस सुबह जब वह व स्टाफ सदस्य स्कूल में पहुंचे तो देखा कि स्कूल के ऑफिस व तीन अन्य कमरों के ताले टूटे पड़े थे।

### केबल चोरी करने वाला आरोपी काबू

**सिरसा**। सदर थाना पुलिस ने गांव खाजाखेड़ा क्षेत्र में स्थित खेत से टयूबवेल की केबल चोरी करने के मामले में घटना के आरोपी को मात्र 12 घंटों में काबू कर लिया है। सदर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी ढाणी सावनपुरा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि खाजाखेड़ा निवासी जसवीर सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह की शिकायत पर सदर थाना सिरसा में टयूबवेल की केबल चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।

### खेत में बने कमरे से हजारों का सामान चोरी

**चोपटा**। गांव नाथूसरी कलां में एक किसान के खेतों में बने कमरे से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में किसान शीशपाल ने बताया कि बीती 15 जुलाई की शाम को वह खेतों से घर आ गया। खेत में बने कमरे को वह ताला लगाकर आया था। देर रात को चोरों ने कमरे की दीवार के साइड में जंगले की लगी ईंटों को उखाडक़र एक फर्राटा पंखा व खेत पड़ोसी संदीप कुमार की लगभग 100 फुट केबल चोरी कर ली। इससे पहले 17 जून को चोर कमरे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखी सौर ऊर्जा वाली सबमर्सिल मोटर चोरी कर ले गए।

## पेंशन बहाली पर लीपापोती नहीं होगी सहन : धर्मबीर

# सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे विभिन्न विभागों के कर्मचारी

मांगों को लेकर आज सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दो वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, सभी खाली पदों पर नियमित भर्ती, पुरानी पेंशन की बहाली, समान काम समान वेतन, हरियाणा का अलग से आठवां वेतन आयोग, ऑनलाइन तबादला खत्म कर आवेदन पर आधारित तबादला लागू करने आदि मांगों को लेकर आज सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर जिला फतेहाबाद में विशाल प्रदर्शन किया गया। रैली की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भडोलावाली ने की। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के सैंकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया और सडक़ों पर उतरकार सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने उपायुक्त को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा।


**फतेहाबाद**। रैली में सैंकड़ों की तादाद में पहुंचे विभिन्न विभागों के कर्मचारी।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

प्रदर्शन से पूर्व कर्मचारियों की रैली को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल करे। बढ़ती आयु से सम्बंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पेंशनर्ज को 65, 70, 75, 80 वर्ष की पर 5 प्रतिशत वृद्धि दी जाए। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता बढ़ाई जाएं। अपरिहार्य स्थिति में निजी अस्पताल में जाना पडने पर आई कार्ड दिखाकर कैशलेस ईलाज की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था हो। बीमा आधारित चिकित्सा पैकेज की बजाय सम्पूर्ण खर्च के भुगतान की व्यवस्था जारी रहे। तबादला करने की शक्तियों का विकेंद्रीकरण करते हुए ब्लाक - जिला पर भी शक्तियां दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की पक्की भर्ती करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर लीपापोती कर रही है, जिसे कर्मचारी वर्ग किसी कीमत पर सहन नहीं करेगा। रैली का संचालन करते हुए जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने कच्चे कर्मचारियों को सेवाएं नियमित करने, समान वेतन, भत्ते, सुविधाएं व सेवा सुरक्षा देने, दो साल की सेवा के आधार पर सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की नीति बनाने की मांग की।रोडवेज नेता शिवकुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव बेगराज व रमेश तुषामड़, संघ की जिला उप प्रधान पूनम कुमारी, अध्यापक संघ के राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य प्रधान धर्मेन्द्र ढांडा, कर्मचारी नेता हरपाल हुड्डा, देवीलाल, कृष्ण चमारखेड़ा, मुरारी लाल शर्मा, इन्द्र सिंह घासी, संजय भूना ने भी संबोधित किया।

# प्राथमिक शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा की जिला सिरसा इकाई ने अपनी लंबित मांगों को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में जिला प्रधान विजय शर्मा की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन दिया और बाद में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विजय शर्मा ने कहा कि सरकार आठ वर्ष पहले अध्यापकों के लिए ऑनलाइन स्थानांतरण नीति लेकर आई थी, जिसका खूब ढिंढोरा भी पीटा गया, लेकिन उसी स्थानांतरण नीति के अनुसार आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी प्राथमिक शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया गया है, जिसके कारण प्राथमिक विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरी तरह गड़बड़ा गया है। अनेक स्कूल शिक्षक विहीन हो गए व कई स्कूलों में एक या दो अध्यापक ही सब काम संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सामान्य स्थानांतरण किए जाएं, ताकि बच्चों को अध्यापक उपलब्ध हो सके।

### बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित : भारद्वाज

राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक भारद्वाज ने कहा कि एक ओर तो सरकार शिक्षा का अधिकार अधिनियम में शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्य करने के लिए ही कहती है, लेकिन धरातल पर देखा जाए तो प्राथमिक शिक्षकों से सब प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र ढिल्लों ने प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन के लिए अत्यधिक कागजी कार्यवाही को नामांकन बढ़ाने में आ रही दिक्कत का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार बच्चों के नामांकन में अनावश्यक कागजी कार्रवाई को समाप्त किया जाए, ताकि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा सुलभ हो सके। जिला उपप्रधान भगत सिंह ने कहा कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की इन मांगों को सरकार व विभाग जल्द से जल्द हल करे वरना संगठन अपने संघर्ष को और आगे लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई को अपनी इन्हीं मांगों को लेकर संगठन करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी करेगा।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने करवाई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक अनूठी और प्रेरणादायक प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपये की राशि से सम्मानित, प्रमाण-पत्र व रोमांचक पुरस्कार के साथ उनके कार्यों को दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 29 जुलाई तक आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की विभिन्न श्रेणियां बनाई गई, जिसमें बेटी को बचाने और शिक्षित करने के महत्व को ध्यान में रखा गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को ध्यान में रखते हुए गायन प्रतियोगिता, रेडियो जिंगल, गीत, रैप व वीडियो प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं की सभी प्रविष्टियां मौलिक और हरियाणवी भाषा में होनी चाहिए तथा प्रत्येक प्रविष्टि की अवधि एक मिनट होनी चाहिए।

### समाधान शिविर में आई 75 समस्याएं

**सिरसा**। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त आर.के. सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, नगर आयुक्त सुरेंद्र, एसडीएम राजेंद्र कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त आर.के. सिंह ने बताया कि आज समाधान शिविर में कुल 75 समस्याएं आई, जिनके निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए गए।

# नशे के खिलाफ शुरू होगी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने डबवाली इलाके को नशा मुक्त करने की पहल करते हुए अपने साथियों के साथ आयास नाम की एक संस्था की शुरुआत करते हुए सेफ डबवाली अभियान छेडऩे का ऐलान किया है। डबवाली के एक निजी होटल में एक कार्यक्रम के दौरान इसका ऐलान करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि उनकी यह संस्था पूरी तरह से गैर राजनीतिक होगी। संस्था इलाके के लोगों के सहयोग व प्रशासन से तालमेल करके काम करेगी। उन्होंने बताया कि संस्था आगामी 10 अगस्त से काम करना शुरू कर देगी। दिग्विजय ने कहा कि वह पिछले काफी समय से डबवाली क्षेत्र में सक्रिय रहे तो उन्हें पता चला कि इलाके में नशे का प्रकोप बढ़ा है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले वर्ष सिरसा जिले में 35000 से ज्यादा लोग नशा पीड़ित थे। 60 से ज्यादा लोगों की नशें के कारण मौतें हुई। उन्होंने कहा कि हकीकत में यह आंकड़े इससे कहीं ज्यादा है। सामाजिक व अन्य कारणों से नशे में होने वाली मौतों के बारे में परिवार के लोग पुलिस को जानकारी नहीं देते। उन्होंने कहा कि काफी सोच विचार के बाद उन्होंने इस दिशा में कार्य करने के लिए अपने कुछ साथियों के साथ एक योजना बनाई और इसीलिए आयास का गठन करके काम करने का प्लान तैयार किया गया। चौटाला के मुताबिक इस अभियान के तहत युवाओं को न केवल नशे की लत से मुक्त किया जाएगा बल्कि उनके पुनर्वास व अन्य प्रकार की सहायता भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भी देखने में आया है कि अब छोटी उम्र के बच्चे भी नशे की लत में पड़ते जा रहे हैं। ऐसे में उनकी संस्था 12 से लेकर 60 साल तक के लोगों के लिए काम करेंगी।


**सिरसा**। डबवाली में नशे के खिलाफ अभियान का ऐलान करते हुए दिग्विजय चौटाला।

# भाजपा जिले के सभी 12 मंडलों पर एक सप्ताह तक चलाएगी मंडल प्रवासी योजना

- योजना की सफलता के लिए सभी मंडलों पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा संगठन को पूरी तरह से मजबूत बनाने के लिए पार्टी हाई कमान ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसको लेकर भाजपा द्वारा अब मंडल प्रवासी योजना का आयोजन किया जा रहा है। फतेहाबाद जिले में सभी 12 मंडल में आज मंडल प्रवासी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आज बीजेपी जिला कार्यालय में फतेहाबाद विधानसभा के मंडलों की प्रवासी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मंडल प्रवासी कार्यशाला के जिला संयोजक कृष्ण गढ़वाल ने शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को जिला संयोजक कृष्ण गढ़वाल ने मंडल प्रवासी योजना की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा नेता बलदेव ग्रोहा व कृष्ण गढ़वाल ने बताया कि पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार 18 से 24 जुलाई तक एक सप्ताह के लिए मंडल प्रवासी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए जिले के सभी 12 मंडलों पर पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यह पदाधिकारी व कार्यकर्ता दूसरे मंडल में जाकर बूथों, शक्ति केन्द्र प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों के साथ साथ आम जनता से भी मिलेंगे तथा पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनावों की समीक्षा करते हुए चुनावों में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित करेंगे।


**फतेहाबाद**। कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा नेता।

## कार बेचने के नाम पर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रानियां में ब्रेजा कार बेचने के नाम पर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति केखिलाफ एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस विभाग में डीएसपी का झांसा देकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस को दी अपनी शिकायत में बिशम्बर लाल ने बताया कि अगस्त 2023 में वह कावड़ लेने के लिए गया था। लौटते समय वह गांव मिर्चपुर अस्थित शिव मंदिर पर विश्राम के लिए रूका। यहां बिजेंद्र शर्मा पुत्र राजबीर शर्मा निवासी गांव मिर्चपुर तहसील नारनौंद ने अपने बारे में बताया कि वह पुलिस विभाग में डीएसपी के रूप में तैनात है। उसके साथी अनिरूद्घ शर्मा व बबीता ने इसकी तस्दीक की। बातों ही बातों में उसने भी बता दिया कि उसका दामाद थोक किरयाणा का कारोबार करता है। जिस पर बिजेंद्र शर्मा ने उसे बताया कि उसने दाल व चीनी की एक बड़ी खेप पकड़ी है, जिसे वह उसके दामाद को दे सकता है। उसने दाल-चीनी के सौदे को लेकर अपने दामाद से बात करने की बात कहीं लेकिन गाड़ी खरीदने में रूचि दिखाई। जिस पर ब्रेजा खरीदने को लेकर 20 हजार नगद तथा 52 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से अदा किए। आरोपियों ने उससे 23 लाख रुपये लेकर न तो ब्रेजा गाड़ी ही दी और न ही दाल-चीनी।

# जैन साध्वियों ने किया मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एसएस जैन सभा, रोड़ी बाजार सिरसा से सी ब्लॉक स्थित जैन आश्रम में जैन साध्वियों का मंगल प्रवेश करवाया गया। संदीप जैन ने समाज के गणमान्य लोगों के साथ ध्यान योगी आचार्य डॉ. शिवमुनि की आज्ञा से महासती प्रवेश कुमारी की शिष्या मोहनमाता की सुशिष्या साध्वी साक्षी ज्योति व साध्वी पूजा ज्योति का मंगल प्रवेश करवाया। संदीप जैन ने कहा कि सिरसावासियों का सौभाग्य है कि एक साल में दो स्थानों पर चातुर्मास के दौरान जैन साध्वियों का सान्निध्य मिला है। महासाध्वी ज्ञान प्रिया की सुशिष्याएं भी मंगल प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुई। दादाबाड़ी के प्रधान चंद्र जैन चौटाला ने भी जैन साध्वियों का भव्य स्वागत किया। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस सुअवसर का लाभ उठाकर अपने आप को पुण्य का भागी बनाएं। इस मौके पर सी ब्लॉक जैन सभा के प्रधान संदीप, महासचिव अशोक जैन, सुश्रावक ऋषब जैन ने मंगल देश के प्रधान सुभाष लीली, दादाबाड़ी के प्रधान चंद्रयश चौटाला, महामंत्री भारत भूषण जैन, प्रधान मनोहरलाल जैन, अजय जैन, पूर्व प्रधान सुभाष जैन, राजा जैन आदि मौजूद रहे।


**सिरसा**। जैन साध्वी नगर में मंगल प्रवेश करते हुए।


**रतिया**। बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते भाविप महिला सदस्य।

### भारत विकास परिषद् रतिया ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी

रतिया। भारत विकास परिषद् द्वारा चलाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के दूसरे दिन शाखा रतिया द्वारा अरोड़ा कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी में बच्चों को स्टेशनरी, कॉपियां, पेय पदार्थ और बिस्कुट बांटे गए। इस सेवा कार्य का आयोजन भाविप रतिया की महिला सदस्यों के द्वारा किया गया। भाविप रतिया इस सप्ताह प्रतिदिन संस्कार और सेवा के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर रतिया शाखा महिला प्रमुख डॉ. सबीना जैन, महिला सम्पर्क प्रमुख नेहा मेहता, ज्योति बंसल, बबीता रानी, सोनिया रानी, पूनम रानी और चरणजीत कौर व परिषद् के अन्य महिला सदस्य और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## महिलाओं को बैंक कर्मी बताकर करता था ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिलाओं से ठगी करने वाले एक शातिर ठग को महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शहर के रानियां रोड स्थित उज्जीवन बैंक से काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बंसीलाल पुत्र आत्मा राम निवासी वार्ड नंबर 3 ऐलनाबाद हाल हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिला के गांव अहमदपुर, तलवाड़ा खुर्द तथा घुकांवाली की महिलाओं के साथ करीब एक लाख रुपए की हुई धोखाधड़ी के मामलों पर संज्ञान लेते हुए साइबर पुलिस स्टेशन सिरसा की एक टीम का गठन किया गया था। विक्रांत भूषण ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान ठगी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे भी विस्तार से पूछताछ की जाएगी।


**सिरसा**। ठगी करने का आरोपी पुलिस हिरासत में।

## हांसपुर में किसान जागरुकता कैंप का हुआ आयोजन

# सीएनजी प्लांट से होगी धान की पराली की खपत : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

- पर्यावरण प्रदुषण व बीमारियों से मिलेगी राहत

हमारा पर्यावरण स्वच्छ और साफ सुथरा रहेगा, तभी हमारी आने वाली नस्ल तंदुरुस्त और बीमारियों से राहत होकर अपना जीवन जी सकेंगे। इसके लिए हमें अभी से पर्यावरण को बचाने में लग जाना चाहिए। यह बात फतेहाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने किसान जागरूकता कैंप में कही। वीरवार को गांव हांसपुर में किसान जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप के संयोजक सीएनजी गैस प्लांट हांसपुर के युवा मैकेनिक बलजिंदर सिंह रहे। एडीसी ने कहा कि धान के अवशेषों से सीएनजी गैस बनना बहुत ही उपयोगी और लाभदायक है। इससे फायदे तो होंगे ही साथ के साथ किसानों की धान की पराली की समस्या का भी समाधान होगा और किसान खुशहाल होंगे। बीएस एग्रो और संपूर्ण एग्रो फिरोजपुर के तत्वाधान में हांसपुर में लग रहे सीएनजी गैस उत्पादन केंद्र की सराहना करते हुए एडीसी ने कहा कि आज के इस दौर में हमारे पास अनेक विकल्प हैं कि हम अपना रोजगार भारत में रहकर ही अच्छा बना सकते हैं। इसी कड़ी में हांसपुर के युवा मैकेनिक ने भी इस कार्य को अंजाम दिया है। जिला कृषि उपनिदेशक राजेश कुमार सिहाग ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फतेहाबाद जिले में पहले धान की अवशेषों को बहुत अधिक जलाया जाता था जिस कारण फतेहाबाद जिला रेड जोन में आ गया था, लेकिन पिछले सालों की तुलना में धान की पराली अब कम जलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जो यह प्लांट बन रहा है इस प्लांट से भी धान की पराली की खपत होगी और धान के प्रदूषण से राहत मिलेगी। इस दौरान एग्रीकल्चर इंजीनियर पवन बिश्नोई, कृषि वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार, खंड कृषि अधिकारी संदीप सिंह, एसडीओ डॉ भीम सिंह, श्रवण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**जाखल**। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम।


**रतिया**। सीएनजी प्लांट का निरीक्षण करते एडीसी।

## खबर संक्षेप

### नवोदय में दाखिले को आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** नवोदय विद्यालय समिति, जयपुर संभाग द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा छठी में दाखिले के लिए जेएनवी चयन परीक्षा आगामी 18 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि आगामी 16 सितंबर निर्धारित की गई है।

### जिन्दगी चलाएगी जन-मन क्रांति अभियान

**फतेहाबाद।** जिला में युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए लंबे समय से काम कर रही जिन्दगी संस्था ने एक जन आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। जन-मन क्रांति नाम से शुरू होने वाले इस जन आंदोलन का आगाज 20 जुलाई की शाम फतेहाबाद स्थित पपीहा पार्क के सामने एक कार्यक्रम से होगा। जन-मन क्रांति अभियान में विभिन्न गांवों के अलावा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। अभियान के मीडिया प्रभारी पवन कालड़ा ने बताया कि 20 जुलाई के जन-मन क्रांति आगाज कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नशा मुक्त अभियान की स्टेट ब्रांड एंबेस्डर सियाज पूनिया होंगी।

### बीडीपीओ की शिकायत पर मामला दर्ज

**सिरसा।** रानियां पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर गांव नाईवाला के चार लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। बीडीपीओ ने गांव नाईवाला की पंचायत की ओर से दी गई शिकायत को पुलिस में अग्र प्रेषित किया। ग्राम पंचायत नाईवाला की ओर से बताया गया कि गांव में रास्ता नंबर 107 को बीती 15 जुलाई 2024 को नियमानुसार खुलवा दिया गया था। इसकी रिपोर्ट तहसीलदार व उपायुक्त सिरसा को भिजवाई गई।

### आप नेता धर्मपाल लाट पर जानलेवा हमला

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मपाल लाट पर बीते दिवस दर्जनभर युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय गांव भरोखां में धर्मपाल लाट शाम को अपने खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान 6 बाइक पर सवार होकर एक दर्जन से अधिक हमलावर जो डंडों व तेजधार हथियारों से लैस थे, ने धर्मपाल लाट को घेर लिया। इससे पहले की धर्मपाल लाट कुछ समझ पाते हमलावरों ने उन्हें घेरकर बुरे तरीके से मारना-पीटना शुरू कर दिया।

### बदमाशों ने डंडा मारकर मोबाइल व नकदी छीनी

**फतेहाबाद।** जिले में छीना झपटी की घटनाएं एक बार फिर बढने लगी है। रतिया से गांव भूंदड़वास जा रहे व्यक्ति पर डंडे से हमला कर तीन बदमाश उसका मोबाइल व जेब से नकदी छीनकर फरार हो गए। इस बारे पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूंदड़वास निवासी जसपाल ने कहा है कि गत दिवस देर रात को वह अपने लडक़े हरभजन के साथ रतिया के सागर पैलेस में शादी समारोह में भाग लेने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रोडवेज कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप

# बसें न रोकने पर भड़के छात्रों ने रतिया-टोहाना रोड किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर के टोहाना रोड नथवान गांव के बस स्टैंड पर बस ना रुकने पर गांव से शहर आने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार सुबह भी गांव के बस स्टैंड पर खड़े विद्यार्थियों ने टोहाना की तरफ से आ रही है एक रोडवेज की बस को रुकवाना चाहा तो बस नहीं रुकी। इसके चलते विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में रोष फैल गया और रोष स्वरूप बिना रुके जा रही बस को भी वही रोक कर नारेबाजी करते हुए रतिया- टोहाना रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगा रहे छात्रों व उनके अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा गांव के मुख्य रोड पर बस स्टैंड बनाया गया है लेकिन दोनों तरफ से आने वाले रोडवेज व निजी बस चालक सुबह विद्यार्थियों को खड़ा देखकर वहां पर बस नहीं रोकते बल्कि रोडवेज के चालक कई बार विद्यार्थियों से बदतमीजी भी करते हैं। आज वह भी बस स्टैंड पर खड़े हुए थे तो जैसे ही रोडवेज की एक बस आई तो विद्यार्थियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर बस चालक ने विद्यार्थियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिसके चलते जाम लगाया।



रतिया। बस समस्या को लेकर रोड जाम करते ग्रामीण।


रतिया। रोड जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाते पुलिस कर्मचारी।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया

जाम की सूचना मिलने शहर थाना के कार्यवाहक प्रभारी कंवर सिंह भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली वहीं सरपंच कुलदीप सिंह ने थाना प्रभारी को प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया गया पत्र भी दिखाया। इसके बाद थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से जल्द समस्या हल करवाने और जाम खोलने की बात कही लेकिन विद्यार्थी अपनी बात पर अड़ गए। इसके बाद थाना प्रभारी बस अड्डा इंचार्ज से बात की और प्रदेश सरकार के पत्र का हवाला देते हुए बसों को रोकने के निर्देश दिए। इस पर इंचार्ज ने कहा कि शुक्रवार से सभी बसों को गांव के बस अड्डे पर रोका जाएगा इसके बाद जाम खोल दिया गया।

### बस लेने पहुंचे रोडवेज कर्मचारियों और विद्यार्थियों में हुई बहस

रोडवेज बस को गांव के बस स्टैंड पर रोक लेने की जानकारी मिलने पर रोडवेज के अन्य चालक परिचालक भी मौके पर पहुंच गए और बस को ले जाने लगे तो विद्यार्थियों और रोडवेज बस चालकों में बहस हो गई। जाम के दौरान गांव के सरपंच कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोडवेज के अधिकारियों चालकों पर चालकों को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 16 जनवरी 2023 को एक लेटर जारी किया गया है जिसके तहत गांव नथवान बस स्टैंड पर सभी बसों को रोकना अनिवार्य किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी बसों को नहीं रोका जा रहा है और विद्यार्थियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी जिले में अपराधियों की धरपकड़ व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जहां समय-समय पर पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर रही है वहीं पुलिस कर्मचारियों के परिवार से जुडक़र अपने सामाजिक दायित्व को निभा रही है। एसपी द्वारा आज पुलिस कर्मचारियों के मेधावी विद्यार्थियों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों से मिलकर एसपी ने इन्हें प्रोत्साहित किया और सम्मानित करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसपी ने दसवीं में 97.40 प्रतिशत अंक लेने वाली रितिका पुत्री सिया राम ईएसआई, 97.06 प्रतिशत अंक लाने पर प्रभजीत कौर पुत्री बीर सिंह कांस्टेबल, 95.2 प्रतिशत अंक लाने वाली सिमरन कौर पुत्री जगसीर सिंह ईएचसी, 93 प्रतिशत अंक लाने वाली किरणदीप कौर पुत्री मेजर सिंह ईएसआई, 93 प्रतिशत अंक लाने वाली अपूर्वा पुत्री संदीप कुमार एचसी, 92.20 प्रतिशत अंक लाने वालले अमन पुत्र हनुमान कांस्टेबल, 92.08 प्रतिशत अंक लाने वाले अजय पुत्र चिमन लाल एएसआई, 92 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली सुनैना पुत्री कृष्ण कुमार ईएसआई, 92 प्रतिशत अंक लाने वाली सुरभि बैनीवाल पुत्री कुलदीप सिंह एएसआई, 91 प्रतिशत अंक लेने वाली गरिमा पुत्री कृष्ण कुमार एएसआई को सम्मानित किया। इसके अलावा कक्षा 12वीं में 95.6 प्रतिशत अंक लेने वाले दिया पुत्री गीता देवी एसआई, 94 प्रतिशत अंक लाने वाली कोमल पुत्री राजेश कुमार कांस्टेबल, 93 प्रतिशत अंक लाने वाली नन्दिनी पुत्री देवीदत्त पांडे कुक, 91.02 प्रतिशत अंक लाने वाली अनु पुत्री सुभाष चन्द्र ईएचसी, 90.40 प्रतिशत अंक लाने वाली स्नेहा पुत्री सुशील कुमार ईएएसआई को भी सम्मानित किया।



फतेहाबाद। पुलिस कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित करते एसपी आस्था मोदी।

### क्रेंसट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस पर आयोजित समारोह




**फतेहाबाद।** क्रेंसट स्कूल में 'गरीबी और असमानता का मुकाबला करना अभी भी हमारे हाथ में है' के थीम पर आधारित नेल्सन मंडेला दिवस को अति नियोजित तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा नेल्सन मंडेला के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। रमनीत, जैसमीन एवं अर्पिता के मंच संचालन में सक्षम व मान्या ने नेल्सन मंडेला के संघर्ष और बलिदान पर सुविचार प्रस्तुत किए। जसिका व चिराग ने नेल्सन मंडेला के पूरा जीवन रंग-भेद के खिलाफ किए गए संघर्ष के बारे में बताया। नेलसन मंडेला के जीवन पर आधारित प्रश्न पूछकर जैनिशा, गीताली एवं दृष्टि ने उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। छात्र नक्ष ने 'जहां बांटी जा रही थी हर एक सुविधा, रंगभेद के आधार पर' कविता प्रस्तुत की वहीं धारवी, नायरा, देवांशी, मंयक, थैविश एवं गोपाल ने 'काले-गोरे का भेद नहीं हर दिल से हमारा नाता है' पर गायन की प्रस्तुति दी। कक्षा सांतवी भास्कर के विद्यार्थियों ने नेल्सन मंडेला के जीवन पर आधारित एक एक्ट की प्रस्तुति दी जिसमें मंडेला द्वारा रंगभेद के विरूद्ध संघर्ष व जीत को दिखाया गया। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों के समक्ष नेल्सन मंडेला के जीवन एवं उनके संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो को अपनाने की प्रेरणा दी।

# विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को गांव धारनिंया के राजकीय विद्यालय में जागरूकता सेमिनार आयोजित कर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। जिला पुलिस की महिला जागरूकता टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन बारे जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी छात्रा को कोई शिकायत है तो वह तुरंत 1091 एवं 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ले सकती है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को यातायात के नियमों का पालन न करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने से खुद को तो हम जोखिम में डालते ही है, साथ में दूसरों को भी नुकसान पहुंचाता है। हमें यातायात नियमों का पालन न केवल पुलिस से बचने के लिए बल्कि अपनी और दुसरों के सुरक्षा के लिए भी करना चाहिए। सब का जीवन अनमोल है, इसलिए जरा सी नादानी में की गई लापरवाही हमारे जीवन में बड़ी समस्या खड़ी कर देते है। इसलिए हमें यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। इसके साथ ही महिला जागरूकता टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज मौजूद रहीं।


फतेहाबाद। धारनियां स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सरोज।

# नर्सिंग एसोसिएशन ने सीएमओ और पीएमओ को सौंपा चेतावनी नोटिस

- 23 व 24 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नर्सिंग वेल्फेयर एसोसिएशन सिरसा की ओर से नर्सिंग कैडर की लंबित मांगों को लेकर 23 व 24 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करने के संबंध में सीएमओ सिरसा डॉ. महेंद्र भादू व पीएमओ को चेतावनी नोटिस दिया गया। जिला प्रधान राजकुमार, उपप्रधान पन्नालाल, महासचिव अमित, कोषाध्यक्ष मुकेश, योगेश कुमार, पवन कुमार, सहदेव, मंजू कंबोज, शशि, राजविंद्र, रेशमा, जीतो आदि ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगें केंद्र के समान नर्सिंग अलाऊंस 7200 रुपए, केंद्र के समान गुरप सी से गुरप बी में करने, डिप्टी डायरेक्टर व असिस्टेंट डायरेक्टर नर्सिंग के पद को भरने आदि मांगों के बारे में समय-समय पर सरकार को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन विभाग व सरकार की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। विभाग व सरकार के उदासीन रवैये से कार्यरत नर्सिंग कैडर में रोष है। सरकार व विभाग के उदासीन रवैये के विरोध में 13 जुलाई को राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग करकर निर्णय लिया गया कि आगामी 23 व 24 जुलाई को नर्सिंग कैडर काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी कर अपना रोष प्रकट करेंगी। इसके अलावा 25 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा के सभी जिलों के नागरिक अस्पतालों, एसडीएच, सीएचसी व पीएचसी पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक 2 घंटे की हड़ताल कर अपना रोष व्यक्त करेंगी। अगर इसके बाद भी जायज मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन करेंगे।


सिरसा। नर्सिंग एसोसिएशन सीएमओ व पीएमओ को चेतावनी नोटिस सौंपते हुए।

# 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत दुकानदारों से मिले कांग्रेस नेता

- प्रदेश में बदलाव लाने का काम करेगी दीपेन्द्र हुड्डा की पदयात्रा, भाजपा का होगा सफाया : सुभाष

**भट्टूकलां।** भाजपा सरकार द्वारा 10 सालों में हरियाणा की जनता पर ढहाए गए जुल्मों के हिसाब-किताब का समय आ गया है। प्रदेश की जनता विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार से पाई-पाई का हिसाब लेने वाली है। इस बार हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा का पूरी तरह सफाया होना तय है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष खिलेरी ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में शुरू किए गए 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत वीरवार को भट्टूकलां में जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए कही। सुभाष खिलेरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम ने आज भट्टूकलां के बस स्टैण्ड से इस अभियान की शुरूआत की और मेन बाजार में डोर टू डोर जाकर लोगों को भाजपा सरकार द्वारा 10 साल में लिए गए जनविरोधी फैसलों से अवगत करवाया।


भट्टूकलां। डोर टू डोर अभियान चलाकर दुकानदारों से मिलते सुभाष खिलेरी।

# श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में एकादशी के उपलक्ष्य में बुधवार रात को भव्य भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बुधवार को एकादशी पर सुबह पटेल बस्ती स्थित श्री श्याम मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। रात्रि को भजन गायक अनिल शर्मा ने बाबा श्याम के भजनों की प्रज्ञतुति दी। इस दौरान राजेंद्र कुमार मित्तल ने बगीची परिसर में परिवार के साथ केक काटकर अपने जुड़वा पोते चिराग व दिवेन का जन्मदिन मनाया। पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र कुमार मित्तल द्वारा जागरण में भंडारे व कीर्तन की सेवा दी गई। उन्होंने बताया कि सेवादार त्रिवेणी कश्यप द्वारा पूरी शुद्धता से बाबा के भंडारे का भोग तैयार किया गया। बाद में फतेहाबाद से आई ख्वाहिश कपूर ने भजन- आएगा-आएगा-आएगा नीले चढ़ सांवरा आएगा, चरणों मे रख बाबा सेवर कहलाउंगा, मोर झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे मेरे श्याम घर आएंगे, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, तू है मेरा इक सांवरा मैं हूं तेरा इक बावरा, कब ताला खोलेगा बाबा तू किस्मत म्हारी का, गोरे का न काले का मैं लाडला खाटू वाले का सहित अनेक भजन प्रस्ततु किए।


सिरसा। बाबा श्याम का भव्य रुप से सजा दरबार तथा भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायिका। फोटो : हरिभूमि

# एचकेआरएन के माध्यम से युवाओं का शोषण : सिवाच

- सरकारी अस्पताल में एचकेआरएन कर्मचारियों, फार्मासिस्टों व डॉक्टरों से मिले कांग्रेस नेता

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ वीरेंद्र सिंह सिवाच ने फतेहाबाद सिविल अस्पताल में पहुंच कर एचकेआरएन कर्मचारियों, फार्मासिस्टों व डॉक्टरों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को सुना व उनके दिए ज्ञापन को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तक भेजने का वायदा किया। डॉ. सिवाच ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को विधानसभा में उठाया जाएगा।

डॉ. सिवाच ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों में खाली पड़े दो लाख पदों पर हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत कार्यरत एक लाख 18 हजार युवाओं को नियमित नौकरी दे सकती है परंतु एचकेआरएन के माध्यम से सरकार युवाओं का शोषण कर रही है और बेरोजगारी की कतार में लगे युवाओं के सपने टूट रहे है।


फतेहाबाद। सरकारी अस्पताल में कर्मचारियों से मिलते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

### श्री खाटू श्याम धाम में हुई भजन संध्या

**सिरसा।** खाटू श्याम मंदिर रानियां रोड सिरसा में पूजा अर्चना के साथ भजन संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा की पूजा के साथ हुआ। इस दौरान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर कमेटी के संरक्षक डॉ. भारत भूषण गुप्ता व संजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना करवाई। पूजा अर्चना पुजारी रामशरण, उमेश व विजेंद्र ने मिलकर संपन्न करवाई। भजन गायकों डॉ. श्याम सुंदर, स. मनदीप सिंह व शिवरतन शर्मा ने मिलकर खाटू श्याम की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जिस पर श्याम भक्त रात भर झूमते रहे। डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि देव शयनी एकादशी या पदमा एकादशी का विशेष महत्व है। कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि खाटू श्याम धाम रानियां रोड की ओर से महाभोग, भजन संध्या व महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों से बाबा की पावन झांकी सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र था। कार्यक्रम में राजू बंसल, संजीव गुप्ता, सुमित नुहियांवाला, आकाश गुप्ता, महेंद्र सैनी, गोपाल सैनी व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## निरीक्षण | अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

# डीआरएम ने किया जाखल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

दिल्ली मंडल के डीआरएम सुखविंदर सिंह ने गुरुवार को रेल सुरक्षा अधिकारी व रेल यातायात विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ जाखल जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म पर सफाई व्यवस्था और निर्माणाधीन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जाखल में बन रहे रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने को कहा। इस मौके उन्होंने रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन की समस्या को भी सुना और जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने गार्ड व ड्राइवरों के रहने के लिए बने लॉबी का मुआयना किया। लॉबी हॉस्टल में गार्ड व ड्राइवरों के निवास हेतु पूरी व्यवस्था तो है, लॉबी को साफ सुथरा भी किया गया था, लेकिन पुराने समय के बने की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। इस पर उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और शीघ्र ही जहां पर उच्च स्तर की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। गुरुवार दोपहर को डीआरएम सुखविंदर सिंह जाखल रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

जहां उन्होंने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जाखल रेलवे स्टेशन प्रबंधक से स्टेशन की पूरी व्यवस्था के बारे में समझा। इस दौरान उन्हें जहां जहां पर भी कमी पाई गई तो इसे दुरुस्त करने को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरएम ने कहा कि जाखल जंक्शन रेलवे स्टेशन उत्तर भारत के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में शुमार है। ऐसे में यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए तमाम व्यवस्था पुख्ता होना अनिवार्य है।

इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर, मुख्य द्वार आदि सभी जगह का बारीकी से निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को जांचा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जाखल रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तर की समस्याओं का भी जल्द निवारण करा दिया जाएगा। दरअसल दिल्ली मंडल के डीआरएम इन दिनों रेलवे स्टेशनों के दौरे कर रहे हैं।

### उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने रखी

उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि जाखल जंक्शन के अधीनस्थ जो 17 रेलवे स्टेशन आते है, उन पर लगभग पांच सौ क्वार्टर की कमी है, वहीं स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाओं की भी घोर कमी है। इन समस्याओं के निवारण हेतु उन्होंने जाखल पहुंचे डीआरएम के समक्ष यह समस्याएं प्रस्तुत की है।

### डॉ. केवी सिंह करेंगे दो दिवसीय दौरा

**सिरसा।** आगामी 26 जुलाई को हिसार रोड स्थित पर्ल रिजोर्ट में कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित किए जा रहे धन्यवाद सम्मेलन का न्यौता देने व विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह सिरसा विधानसभा के गांवों में दो दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान उनके साथ राजकुमार शर्मा, गजानंद सोनी, मोहनलाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता अमीर चावला ने बताया कि इस धन्यवाद स मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित पार्टी के तमाम नेतागण अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। उन्होंने बताय कि 19 जुलाई को गांव बेगू, नेजियाखेड़ा, अली मोहम्मद, चाडीवाल, ताजियाखेड़ा, साहुवाला-2, कैरांवाली, नारायणखेड़ा, नहराना का दौरा कर ग्रामीणों को धन्यवाद सम्मेलन का न्यौता देंगे।